
मौसम का मिजाज — तापमान में आयी गिरावट, जैतहरी, भालूमाड़ा, कोतमा, राजेंद्रग्राम और फुनगा क्षेत्रों में भी हुई बारिश

# तेज हवा और झमाझम बारिश से मिली राहत

**अनूपपुर, नवभारत 4 मई।** जिले में पिछले कुछ दिनों से बदलते मौसम के बीच सोमवार को हुई तेज हवा और बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे पूरे जिले में मौसम सुहावना हो गया।

सुबह से ही जिले में उमस और गर्मी का असर बना हुआ था, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में काले घने बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगीं और कुछ ही देर में जोरदार बारिश शुरू हो गई। करीब 15 से 20 मिनट तक हुई तेज बारिश के बाद रिमझिम फुहारों का सिलसिला जारी रहा। अनूपपुर मुख्यालय के साथ-साथ जैतहरी, भालूमाड़ा, कोतमा, राजेंद्रग्राम और फुनगा क्षेत्रों में भी बारिश दर्ज की गई।

### मौसम हुआ सुहावना

बारिश के बाद जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान लगभग 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। पिछले कई दिनों से बढ़ती गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। शाम के समय ठंडी हवाओं ने मौसम को और भी सुहावना बना दिया।

### दो दिनों तक बारिश की संभावना

भू-अधीक्षक प्रदीप कुमार मोगरे के अनुसार, वर्तमान मौसमी परिस्थितियां बारिश के अनुकूल बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि अगले एक-दो दिनों तक जिले के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश जारी रहने की संभावना है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे तापमान नियंत्रित रहेगा।

### किसानों को सावधानी बरतने की सलाह

मई माह में हुई यह बारिश किसानों के लिए मिश्रित प्रभाव लेकर आई है। जहां एक ओर मौसम ठंडा हुआ है, वहीं खेतों में रखी कटी फसलों के भीगने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज को सुरक्षित स्थानों पर रखें, ताकि नुकसान से बचा जा सके।



# पुष्पराजगढ़ में समझाइश से टला बाल विवाह

**प्रशासन की तत्परता से बड़ी कार्रवाई**

**अनूपपुर, नवभारत 4 मई।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में विकासखंड पुष्पराजगढ़ के राजेंद्रग्राम में एक संभावित बाल विवाह को महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने समय रहते हस्तक्षेप कर रुकवा दिया।

जानकारी के अनुसार राजेंद्रग्राम क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम में विभागीय पर्यवेक्षक, स्टाफ और पुलिस बल भी शामिल रहा। अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी दंड के बारे में विस्तार से समझाइश दी।

### कुप्रथा पर सख्ती से रोक लगाएं

टीम की समझाइश और काउंसलिंग का असर यह हुआ कि परिवार ने सहमति जताते हुए विवाह को तत्काल स्थगित कर दिया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग का भविष्य सुरक्षित हो सका। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने इस कार्यवाही की सराहना करते हुए मैदानी अमले को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखें और बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर सख्ती से रोक लगाएं।




# बालिका सशक्तिकरण पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** बालिका सशक्तिकरण एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से नगरपालिका सभागार अनूपपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत भव्य लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की उन बालिका हितग्राहियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवसर पर 'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान के तहत लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उत्सव के दौरान पात्र बालिकाओं को योजना के अंतर्गत आश्वासन प्रमाण पत्र, अपराजिता प्रशिक्षण प्रमाणपत्र तथा शौर्या प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी क्षेत्र में हुई हृदयविदारक घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु गौ माता चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। महिला मंडल अध्यक्ष भावना गुप्ता ने बताया कि इस दुखद घटना से समूचा क्षेत्र शोकाकुल है और सभी ने मिलकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अपर्णा गुप्ता, श्वेता, आभा, सपना, पूर्णिमा, नीरज (एस्ट्रो), नीरज (मदन महल), नीरज (कटंगा), संजय, कमलेश, राकेश एवं दिगंबर गुप्ता सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# फील्ड विजिट कर 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें

**कलेक्टर ने जल दर्पण एप से नल-जल योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग के निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत 4 मई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए एक माह का फील्ड विजिट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सेक्टरवार भ्रमण कर अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराएं और अभिभावकों से संवाद स्थापित कर शिक्षा के प्रति जागरूक करें। इसके लिए जिला एवं जनपद स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर अभियान को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा की

कलेक्टर ने चाइल्ड ट्रैकिंग एप के उपयोग पर भी जोर दिया। यह निर्देश कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल दर्पण एप्लीकेशन के माध्यम से योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।

### सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था करें

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा घोषितकृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर भी जोंर दिया। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने, प्रशिक्षण देने तथा बाइक एवं ट्रैक्टर रैली के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## एक नजर में



### सह पल्लीपुरोहित फ़ादर जोनस को भावभीनी विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर में सह पल्लीपुरोहित फ़ादर जोनस मरकाम को उनके दो वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण डायरेक्टर, सेंट पीटर अपोस्टोलिक स्टडी हाउस बिंचिया तथा उप प्राचार्य, भारत ज्योति विद्यालय मंडला के रूप में किया गया है। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित डॉ. फ़ादर डेविस जॉर्ज ने पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित करते हुए फ़ादर मरकाम के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति भेंट देकर उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पल्ली परिषद के सदस्यों एवं महिला मंडल ने भी उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जॉन डेविड, मनोज एंथोनी, रेशलू पीटर, जुसिया सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। वहीं, उनके स्थान पर नए सह पल्लीपुरोहित के रूप में फ़ादर सुरेंद्र कमरे पदभार ग्रहण करेंगे।

### जिज्ञासुओं के लिए 'तत्वबोध' अध्ययन कार्यक्रम 8 से

**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय चिन्मय मिशन के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद के जन्मदिवस के अवसर पर 8 मई (शुक्रवार) से श्री राममंदिर, गुप्तेश्वर रोड, मदन महल में आदि शंकराचार्य विरचित ग्रंथ 'तत्वबोध' के अध्ययन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। वेदांत अध्ययन परम्परा के प्रथम प्रकरण ग्रंथ 'तत्वबोध' का विधिवत अध्ययन प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को लगभग दो माह तक चलेगा। इस दौरान 'अहम' तत्व, जगत की रचना तथा जीवन-जगत एवं ईश्वर के संबंध पर गहन विवेचन किया जाएगा। यह सम्पूर्ण अध्ययन हितेश चैतन्य (डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय) के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक दीपक बिरमानी, अतुल तिवारी एवं सचिन डोंगरे ने सभी जिज्ञासुओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित संपर्क नम्बरों पर रजिस्ट्रेशन कर अध्ययन कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

### सुभद्रा बाई जैन का निधन




कोतमा, नवभारत। कोतमा जैन समाज की सम्मानित सदस्या एवं उत्तमचंद जैन (कक्का) की धर्मपत्नी सुभद्रा बाई जैन उम्र लगभग 78 वर्ष का सोमवार 4 अप्रैल की सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे नगर और जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। वे विनय कुमार एवं विवेक कुमार जैन की पूज्य माता थीं। सुभद्रा बाई जैन की अंतिम यात्रा सोमवार को शाम 4:30 बजे उनके निज निवास से शुरू हुई। अंतिम यात्रा में कोतमा नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, व्यापारी और विभिन्न समाज के लोग शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 8 स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जहां समाज जनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।









# मेधावी छात्र-छात्राओं व पत्रकारों का किया गया सम्मान

**देवर्षि नारद जयंती पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद का आयोजन**

**अनूपपुर, नवभारत 4 मई।** जमुना कॉलरी स्थित बंकिम बिहार गेस्टहाउस में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के तत्वावधान में देवर्षि नारद मुनि जयंती के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवर्षि नारद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंत्रोच्चारण के बीच आयोजित इस प्रारंभिक सत्र ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। ऋचा शर्मा की टीम द्वारा गणेश वंदना एवं दुर्गा स्तुति पर आधारित आकर्षक कथक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### युवा प्रतिभाओं को किया गया प्रोत्साहित

समारोह का मुख्य आकर्षण जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं पत्रकारों का सम्मान रहा। विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नव नियुक्त पत्रकारों को भी उनके योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पत्रकारिता क्षेत्र में कार्यरत लोगों का उत्साहवर्धन किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू सिंह श्याम, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, नगर परिषद डूमरकछार अध्यक्ष डॉ. सुनील चौरसिया, परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला मंचासीन रहे।

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक

**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल विचार मंच एवं प्रज्ञा प्रवाह महाकौशल प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में प्रांत युवा आयाम अभ्यास वर्ग का आयोजन मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांत के 10 विभागों और 17 जिलों जबलपुर, कटनी, रीवा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, शहडोल, सिवनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 40 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय युवा आयाम प्रमुख ईशान जोशी ने युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। वहीं अखिल भारतीय प्रचार आयाम प्रमुख एवं लेखक प्रशांत पोल ने वैचारिक विस्तार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। इस अवसर पर प्रांत संयोजक एड. राकेश सिंह, सह-संयोजक डॉ. पुष्पराज बघेल, युवा आयाम प्रमुख डॉ. शुभांशु शर्मा एवं सह-प्रमुख डॉ. आशीष यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभ्यास वर्ग में संगठन विस्तार, विचार प्रसार और सामाजिक दायित्वों जैसे विषयों पर विभिन्न मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की।




आक्रोश — स्थानीय और बाहरी के बीच भेदभाव का आरोप, मांगों को लेकर मजदूरों ने किया उग्र प्रदर्शन

# जेएमएस कोल प्रबंधन के खिलाफ फूटा मजदूरों का गुस्सा



**कोतमा नवभारत 4 मई।** कोतमा ब्लॉक के अंतर्गत जेएमएस कोल प्रबंधन उरतान में कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों ने प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर मजदूरों ने उग्र प्रदर्शन किया, जिसके बाद प्रबंधन को झुकना पड़ा।

भारी विरोध को देखते हुए प्रबंधन ने सात दिनों के भीतर पूर्व में किए गए सभी वादों को पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया है। प्रदर्शन के दौरान महिला मजदूरों ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। मजदूरों का कहना है कि प्रबंधन बाहरी कर्मचारियों को अधिक वेतन और बोनस दे रहा है, जबकि स्थानीय कर्मचारियों को कम वेतन पर रखा गया है।

### जमीन देने वालों की अनदेखी

स्थानीय मजदूरों ने बताया कि उन्होंने इसी कंपनी के लिए अपनी जमीनें दी हैं, लेकिन अब उन्हीं के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जब भी कोई मजदूर अपने अधिकारों की आवाज उठाता है, तो प्रबंधन द्वारा उसे नोटिस देकर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है।

### सात दिनों का अल्टीमेटम

मजदूरों ने स्पष्ट किया कि प्रबंधन के आश्वासन के बाद आंदोलन को फिलहाल सात दिनों के लिए स्थगित किया गया है। श्रमिक संगठनों और स्थानीय मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो भविष्य में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कोल प्रबंधन की होगी।

### प्रमुख मांगें, जिन पर अड़े हैं मजदूर

स्थानीय और बाहरी कर्मचारियों के वेतन में समानता, बोनस का समय पर और उचित भुगतान, स्थानीय भू-स्वामियों को प्राथमिकता और सम्मानजनक व्यवहार, नोटिस और धमकियों के जरिए मजदूरों का शोषण बंद करना आदि मांगे शामिल है। कोल प्रबंधन ने फिलहाल सात दिनों का समय मांगा है और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया है। अब क्षेत्र की नजरें प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं।

### इनका कहना है

हमने अपनी जमीनें कंपनी को दीं ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो और हमें रोजगार मिले, लेकिन यहाँ बाहरी लोगों को तवज्जो दी जा रही है और हमें हमारे हक के लिए लड़ना पड़ रहा है।'

**विरोध प्रदर्शन में शामिल एक महिला मजदूर**